खेत के रास्ते पर विवाद में चली गोलियां

पिता-बेटे को जान से मारने की धमकी दी, कट्टे से हवाई फायर किए

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 24 मई। सीहोर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते हवाई फायरिंग की घटना सामने आई है। यह विवाद खेत के रास्ते और रेत खदान के संचालन को लेकर बताया जा रहा है। दोनों पक्ष एक ही परिवार के सदस्य हैं। ग्राम सीहोर निवासी जितेंद्र पुत्र औतार सिंह गुर्जर ने बताया कि करीब दो महीने पहले खेत के रास्ते से निकलने को लेकर परिवार के ही प्रशांत गुर्जर से उनका विवाद हुआ था। तभी से दोनों पक्षों के बीच रंजिश चल रही थी।

जितेंद्र के अनुसार, 23 मई 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपने पिता औतार सिंह गुर्जर के साथ घर के बाहर खटिया पर बैठे थे। इसी दौरान प्रशांत गुर्जर अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब जितेंद्र ने इसका विरोध किया, तो प्रशांत गुर्जर ने कट्टे से कई हवाई फायर किए। घटना के दौरान परिवार के अन्य सदस्य बाबा जगजोर सिंह गुर्जर और उदयभान गुर्जर भी मौके पर पहुंच गए। उन्हें आता देख आरोपी पक्ष जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

ग्रामीणों के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच रेत खदान के संचालन को लेकर भी लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिससे तनाव लगातार बढ़ रहा था। सीहोर थाना पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 296(ए), 125, 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टायर बदलते समय जैक खिसका, ट्रक ड्राइवर की मौत

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 24 मई। अमोला थाना क्षेत्र के सिरसौद गांव के पास शनिवार को एक ट्रक चालक की मौत हो गई। वह सरकारी गेहूं से भरे ट्रक का टायर बदल रहा था, तभी जैक खिसकने से ट्रक आगे बढ़ गया और चालक उसके नीचे दब गया। गंभीर रूप से घायल चालक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, सरकारी गेहूं से भरा ट्रक सिरसौद स्थित वेयरहाउस पहुंचा था। इसी दौरान ट्रक के टायर में खराबी आ गई। चालक सुरेंद्र पाल (निवासी गजऊआ, थाना बैराड़) टायर बदलने का काम कर रहा था। ट्रक स्टाफ के सदस्य भगवान सिंह पाल ने बताया कि सुरेंद्र पाल जैक लगाकर टायर में हवा भर रहा था। इसी दौरान ट्रक अचानक आगे की ओर सरक गया और सुरेंद्र पाल उसके नीचे फंस गया। बताया जा रहा है कि टायर के नीचे सुरक्षा के लिए कोई ओट (सपोर्ट) नहीं लगाई गई थी, जिसके कारण ट्रक आगे बढ़ गया। हादसे के बाद घायल चालक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था। हालांकि, शिवपुरी शहर पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मूंगफली उत्पादन के लिए लाभकारी होगा सीड हब : कुलगुरु

शिवपुरी, 24 मई। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के अधीन कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी पर कुलगुरु प्रोफेसर अरविंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में मूंगफली उत्पादन के लिए लाभकारी सीडहब परियोजना के लिए नवीन यूनिट निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्य किया गया। इस अवसर पर निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. वाई.पी. सिंह और कार्यपालन यंत्री इंजी. अखिलेश सिंह भी उपस्थित रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ पुनीत कुमार के निर्देशन में केंद्र पर संचालित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए कुलगुरु द्वारा केंद्र पर पेवर्स रोड का शिलान्यास भी किया गया। शिवपुरी जिले में मूंगफली की फसल मध्य प्रदेश में सबसे अधिक क्षेत्रफल में ली जाने वाली तिलहनी फसल लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय मूंगफली अनुसंधान संस्थान जूनागढ़ गुजरात के समन्वय में सीडहब तैयार कराया जा रहा हैं। तिलहन फसल मूंगफली सीड हब पर प्रसंस्करण इकाई के लिए भूमि पूजन किया गया। शिवपुरी सहित अन्य जिलों के लिए कृषकों हेतु मूंगफली उत्पादन में अधिक लाभकारी परिणाम के लिए बीज प्रतिस्थापन दर बढ़ाने मूंगफली की उन्नत प्रजातियों के प्रसार और खेती में अधिकतम तकनीकियों में समावेश के लिए उपयोगी होगा। इसमें किसानों को बीजोत्पादन के माध्यम से मूंगफली की उन्नत प्रजातियां को उत्पादित कराते हुए किसानों को ही बीज उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों के लिए उन्नत और नवीन प्रजातियों का प्रसार अधिक क्षेत्र में हो सकेगा। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एमके भार्गव डॉ प्रशांत गुप्ता, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. सुरुचि सोनी, सत्येंद्र गुप्ता उपस्थित रहे।

अवैध पटाखा कारोबार पर छापामार कार्रवाई

दो ठिकानों से हजारों के पटाखे जब्त

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 24 मई। पिछोर कस्बे में अवैध पटाखा निर्माण और भंडारण के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर हजारों रुपये कीमत के अवैध पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई अंजाम दी गई।

मुखबिर से सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक नीतू सिंह ने विशेष टीम गठित कर 23 मई को पिछोर कस्बे में दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान रन्नौद रोड निवासी कल्याण पुत्र सूरज सिंह कर्ण उम्र 55 वर्ष के पास से करीब 3000 रुपये कीमत के विभिन्न प्रकार के अवैध पटाखे बरामद किए गए।

वहीं गणेश चौक निवासी शरद गुप्ता पुत्र रमेश कुमार गुप्ता के कब्जे से करीब 3500 रुपये कीमत के ज्वलनशील पदार्थों से बने अवैध पटाखे जब्त किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(ख) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अवैध रूप से रखे गए ज्वलनशील पटाखे किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता से समय रहते कार्रवाई कर संभावित खतरे को टाल दिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक नीतू सिंह, उनि. बीएल दोहरे, सउनि. जहान सिंह, सउनि. कमल सिंह बंजारा, सउनि. परमा, सउनि. अरविंद सगर, प्रधान आरक्षक रामहेत जाटव, प्रधान आरक्षक अशोक तिवारी, आरक्षक धर्मेन्द्र लोधी, बचान सिंह तोमर, भूपेन्द्र सिंह, जितेन्द्र गुर्जर, हाकिम वर्मा, बाबूलाल पाल और प्रदीप नरवरिया की सराहनीय भूमिका रही।

20 लाख का गोल्ड लेकर फरार

इंदौर. एमजी रोड थाना क्षेत्र में गोल्ड लोन कंपनी की शाखा में 20 लाख रुपए के सोने की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. आरोपी सोना लेकर फरार हो गया और संपर्क भी बंद कर दिया. घटना जवाहर मार्ग स्थित मनप्पुरम शाखा की है. फरियादी आशुतोष पाण्डेय ने पुलिस को की शिकायत में बताया कि खातीपुरा निवासी सपना मालाकार ने षड्यंत्रपूर्वक धोखाधड़ी करते हुए करीब 20 लाख रुपए का गोल्ड लेकर हड़प लिया. घटना के बाद से आरोपी का मोबाइल बंद है और संपर्क नहीं हो पा रहा है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

फार्मर रजिस्ट्री आईडी किसानों की डिजिटल पहचान

कैम्प लगाकर की जा रही किसानों की फार्मर-रजिस्ट्री

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 24 मई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने समस्त एसडीएम को फार्मर रजिस्ट्री के कैंप आयोजित कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार जिले के सभी अनुविभागों में ग्राम पंचायतों में कैंप लगाए जा रहे हैं और पटवारी ग्रामीणों से संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री कर रहे हैं।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने समस्त एसडीएम और तहसीलदार को कैंप की निगरानी के निर्देश दिए हैं जिससे इस अभियान के तहत शत प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा सके। समस्त किसान भाई भी इन कैंप का लाभ लें जिनकी फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है वह कैंप में जाकर अपने क्षेत्र के पटवारी से संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री करा लें।

सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को डिजिटल पहचान से जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं।

ग्राम सचिव, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किसानों को जागरूक कर कैंप तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अधिक से अधिक किसान इस सुविधा का लाभ उठा सकें। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत प्रदेश में किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की गई हैं। इसमें प्रत्येक किसान के लिए एक यूनिक फार्मर आईडी बनायी जा रही है।

फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का एक डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। जिससे किसानों को कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया से आसान ऋण प्राप्त करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लिए भूमि, फसल और कृषकों की जानकारी का सत्यापन इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया के माध्यम से किया जा सकेगा।

अवैध शराब बिक्री का विरोध, खोड़ चौकी पहुंचीं आदिवासी महिलाएं

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 24 मई। भौंती थाना क्षेत्र की खोड़ चौकी अंतर्गत आदिवासी महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ आवाज उठाई है। रविवार को बड़ी संख्या में महिलाएं खोड़ पुलिस चौकी पहुंचीं और लिखित आवेदन देकर आदिवासी बस्ती में लंबे समय से चल रही अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

बोलीं- एक साल से बस्ती में बिक रही, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

महिलाओं ने आरोप लगाया कि खोड़ आदिवासी बस्ती में भगवत आदिवासी नाम का व्यक्ति पिछले लगभग एक वर्ष से अवैध रूप से कच्ची शराब बेच रहा है। उनके अनुसार, इस अवैध कारोबार के कारण क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ रहा है और आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि शराब पीने के बाद धनीराम, बल्लू, रामकुमार, रामचरण और बालकिशन सहित कई लोग गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। इससे परिवारों में अशांति बढ़ गई है और महिलाओं व बच्चों में भय का माहौल बना हुआ है।

महिलाओं का कहना है कि शराबखोरी के कारण घरों में अशांति बढ़ गई है और कई बार समझाने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले की शिकायत पहले भी दो बार खोड़ पुलिस चौकी में की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

खोड़ चौकी प्रभारी कुसुम गोयल ने बताया कि जल्द ही कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

मिल्क पार्लर सहित आसपास के अतिक्रमण हटाए

कलेक्टर कार्यालय क्षेत्र में नपा की अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 24 मई। शहर को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद शिवपुरी द्वारा लगातार स्वच्छता एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने नगरपालिका सीएमओ को शहर में साफ सफाई रखने और अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

निर्देशानुसार लगातार नगरपालिका द्वारा कार्यवाही की जा रही है। रविवार को नगर पालिका टीम द्वारा कलेक्टर कार्यालय के समीप कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, सार्वजनिक मार्गों को बाधा मुक्त रखने तथा स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से की गई। अभियान के दौरान कलेक्टर कार्यालय के पास संचालित सांची मिल्क पार्लर को हटाने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही आसपास सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण भी हटाया गया। नगर पालिका अमले ने मौके पर मौजूद लोगों को समझाइश देते हुए भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने के निर्देश दिए तथा सार्वजनिक स्थलों का उपयोग व्यवस्थित रूप से करने को कहा गया है।

नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि कई बार समझाइश और पूर्व में चलाए गए अभियानों के बावजूद कुछ स्थानों पर पुन: अतिक्रमण की स्थिति बन रही थी, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विशेष रूप से सरकारी कार्यालयों एवं मुख्य मार्गों के आसपास बढ़ते अतिक्रमण से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ शहर की सुंदरता और स्वच्छता व्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा था। यह पूरी कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अर्पित वर्मा के निर्देशन तथा नगर पालिका सीएमओ इशांक धाकड़ के नेतृत्व में संपन्न की गई। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर के प्रमुख स्थानों, बाजार क्षेत्रों, सरकारी परिसरों एवं सार्वजनिक मार्गों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और जहां भी अतिक्रमण अथवा अव्यवस्था दिखाई देगी वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

स्वच्छता अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें अतिक्रमण हटाना, यातायात व्यवस्था को सुचारु करना, सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखना तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना भी शामिल है। इसी उद्देश्य से आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रशासन ने व्यापारियों, ठेला संचालकों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे सड़क, फुटपाथ एवं सरकारी परिसरों के आसपास किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा स्वच्छता नियमों का पालन करें। साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग न करने और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।

जनभागीदारी- सबसे दूर, सबसे पहले अभियान के तहत ग्रामों में लगाए जा रहे हैं शिविर

शिवपुरी, 24 मई। जनजातीय समुदाय तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार यह अभियान 25 मई तक जिले की जनजातीय बाहुल्य बसाहटों में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के समस्त जनपद सीईओ को स्पष्ट निर्देश हैं कि इस अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन होना चाहिए। जनजातीय वर्ग के लिए संचालित शासन की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु राष्ट्रव्यापी जन भागीदारी - सबसे दूर सबसे पहले अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में विशेष जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। इन शिविरों के अंतर्गत जाति, निवास एवं आय प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, बैंक खाते, वनाधिकार पट्टे सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी इन शिविरों में सक्रिय रूप से पहुंच रहे हैं।

लटकन पुरा गांव में जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

मालनपुर, 24 मई। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए मालनपुर पुलिस लगातार जन चौपाल लगा रही है। इसी कड़ी में रविवार को थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने गुरीखा ग्राम पंचायत के लटकनपुरा गांव में तीसरी जन चौपाल लगाई।जन चौपाल में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि आजकल ठग फोन पर बैंक अधिकारी बनकर ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड की जानकारी मांगते हैं। किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी या जरूरी दस्तावेजों की फोटो न भेजें। कोई भी बैंक फोन पर ऐसी जानकारी नहीं मांगता। अगर कोई ठगी हो जाए तो तुरंत पुलिस को शिकायत करें।

छोटे विवाद मौके पर निपटाए: थाना प्रभारी ने गांव में चल रहे आपसी छोटे-मोटे जमीन व परिवारिक विवादों को भी मौके पर ही सुनकर समझाइश से सुलझाया। उन्होंने ग्रामीणों से प्रेमपूर्वक रहने और आपस में विवाद न करने की अपील की। बोले- थाने-कचहरी के चक्कर से बचें, गांव में भाईचारा बनाए रखें।

नाबालिक बच्चों को ना दे बाइक: जन चौपाल में थाना प्रभारी में ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नाबालिक बच्चों को बाइक कर आदि वाहन न चलाने दे।

रेलवे सुविधा संघर्ष समिति की शीतल जल सेवा जारी

भरी दोपहर और लू के थपेड़ों के बीच यात्रियों को पिला रहे आरओ कैंपर का शुद्ध शीतल जल

नवभारत न्यूज

बदरवास, 24 मई। नगर के रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा यात्रियों के लिए शीतल जल सेवा निरंतर जारी है। संस्था द्वारा पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी रेलवे स्टेशन पर आरओ कैंपर का शुद्ध एवं ठंडा पेयजल यात्रियों को रेल कोच तक उपलब्ध कराया जा रहा है।भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच यह सेवा यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

गर्मी के बढ़ते तापमान के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में बदरवास रेलवे स्टेशन पर सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति सदस्य जनसहयोग से स्टेशन पर आने जाने वाली ट्रेनों के यात्रियों को लगातार मौजूद रहकर शीतल जल पिला रहे हैं। ट्रेन में सफर कर रहे मुसाफिर, इंतजार कर रहे यात्री, बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे इस नि:शुल्क शीतल जलसेवा का लाभ लेकर राहत महसूस कर रहे हैं। भरी दोपहर में भी यात्रियों को शीतल जल पिलाने में पसीना बहाते सेवाभावी इन जलसेवकों का जोश देखते ही बन रहा है।जनसेवा के उद्देश्य से हर वर्ष गर्मी के मौसम में यह अभियान चलाया जाता है। इस बार भी सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति ने आरओ के शुद्ध पानी की व्यवस्था कर यात्रियों को स्वच्छ पेयजल ट्रेनों के सवारी डिब्बों तक यात्रियों को पानी पिलाकर और आगे के सफ़र के लिए उनकी बोतलों को जल से भर रहे हैं।

समिति का कहना है कि गर्मी के दिनों में यात्रियों को सबसे अधिक आवश्यकता ठंडे एवं स्वच्छ पानी की होती है, इसलिए संस्था लगातार सेवा कार्य में जुटी हुई है। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने समिति की इस जलसेवा पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार की व्यवस्था काफी राहत देती है। यात्रियों ने कहा कि लंबे सफर के दौरान ठंडा पानी मिलना किसी राहत से कम नहीं है। स्टेशन प्रबंधक विनोद शर्मा सहित संपूर्ण स्टाफ समिति की इस जलसेवा में मदद कर रहे हैं। नगरवासी और यात्री समिति के सेवा भाव की प्रशंसा कर रहे हैं। रेलवे सुविधा संघर्ष समिति क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है।

संस्था का उद्देश्य केवल रेलवे सुविधाओं की मांग उठाना ही नहीं, बल्कि जरूरत के समय लोगों की सहायता करना भी है। इसी भावना के तहत स्टेशन पर शीतल जल सेवा संचालित की जा रही है। समिति सदस्यों ने बताया कि यह सेवा लगातार जारी रहेगी ताकि गर्मी के मौसम में यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। स्टेशन परिसर में चल रही यह पहल लोगों के बीच सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश दे रही है।